Fourteenth Loksabha

Session : 8
Date : 11-08-2006
Participants : Bishnoi Shri Jaswant Singh

an>

Title: Procurement of mustard and payment of dues to farmers.

श्री जसवंत सिंह बिश्नोई (जोधपुर) : अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से केन्द्र सरकार का ध्यान आकर्षित करना चाहूंगा। कुछ महीने पहले केन्द्र सरकार ने राज्य सरकार से मिलकर राजस्थान के किसानों की सरसों की खरीद की थी। लेकिन तीन-चार महीने बीत जाने के बाद अभी तक उन किसानों को उसका भुगतान नहीं किया गया है। वे किसान काफी परेशान हैं, क्योंकि इस समय फसल का समय है और उन्हें पैसे की अत्यंत आवश्यकता है। मेरा केन्द्र सरकार से आग्रह है कि जिन किसानों की सरसों खरीदी गई है, उसका भुगतान तुरंत किया जाए। इसके अलावा कुछ सरसों अभी वहां बची हुई है, जिसे लेकर किसान बैठे हुए हैं, क्योंकि उसकी खरीद नहीं हो रही है। मेरा केन्द्र सरकार से यह भी निवेदन है कि वह बची हुई सरसों की भी खरीद की जाए, जिससे उन किसानों को भी फायदा हो सके।

MR. SPEAKER: Shrimati Minati Sen, I am allowing a Calling Attention on this subject of ‘female foeticide’ next week; please take part in it.

Her name may be noted for Calling Attention.